Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## ०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** सिंधु घाटी में सबसे पहले कपास की खेती के साक्ष्य किस स्थान पर मिले?

**Ans**
✔ 1. मेहरगढ़
✗ 2. हड़प्पा
✗ 3. कालीबंगा
✗ 4. राखीगढ़ी

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, विधि-निर्माण में भारतीय केंद्रीय मंत्रिमंडल की भूमिका का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans**
✗ 1. मंत्रिमंडल, भारतीय संसद के किसी भी सदन की भागीदारी के बिना विधि बनाता है।
✗ 2. भारत में मंत्रिमंडल ही एकमात्र विधि बनाने वाली संस्था है।
✗ 3. मंत्रिमंडल के पास न्यायपालिका से बढ़कर विधि-निर्माण का न्यायिक प्राधिकार होता है।
✔ 4. मंत्रिमंडल, सरकारी विधेयकों को अंतिम रूप देता है और विधायी एजेंडा तैयार करता है।

**Q.3** अप्रैल 2025 में, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA) ने भारत के किस शहर में शहर के पहले हिरण पार्क को मंजूरी दी?

**Ans**
✗ 1. मुरादाबाद
✗ 2. फरीदाबाद
✗ 3. हिसार
✔ 4. नोएडा

**Q.4** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज़ के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, C के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। F, E के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। B, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D, A के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। G के संबंध में B का स्थान क्या है?

**Ans**
✗ 1. बाएं तीसरा
✗ 2. बाएं दूसरा
✔ 3. बाएं ठीक पड़ोस में
✗ 4. दाएं ठीक पड़ोस में

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली प्रायः प्रसिद्ध गीत रूप 'ठुमरी' के साथ की जाती है?

**Ans**
✗ 1. कूचिपूड़ी
✔ 2. कथक
✗ 3. छऊ
✗ 4. सत्रीया

Adda247

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

**Q.6** खेलो इंडिया पैरा गेम्स (KIPG) 2025 का आयोजन किन स्थानों पर किया गया?

Ans
- ✗ 1. जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और तालकटोरा स्टेडियम
- ✗ 2. मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज
- ✓ 3. जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज
- ✗ 4. जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम और इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम

**Q.7** यौगिकों का कौन-सा युग्म, गुणित अनुपात के नियम की व्याख्या करता है?

Ans
- ✗ 1. $CaCO_3$ और $CaCl_2$
- ✗ 2. NaOH और NaCl
- ✗ 3. HCl और HBr
- ✓ 4. CO और $CO_2$

**Q.8** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

872 870 866 860 852 ?

Ans
- ✓ 1. 842
- ✗ 2. 843
- ✗ 3. 841
- ✗ 4. 840

**Q.9** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(नोट: सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 3 % 2 % 2 £ £ & © £ 1 1 8 5 $ 9 9 5 2 & 5 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ 1. 1
- ✓ 2. 2
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 4

**Q.10** एक व्यक्ति ने 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 4 वर्षों के लिए ₹50,000 निवेश किया। 4 वर्ष बाद उसे मिलने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 24,000
- ✗ 2. 75,000
- ✗ 3. 25,000
- ✓ 4. 74,000

**Q.11** एक नल किसी टंकी को 15 घंटे में भरता है। दूसरा नल पूरी भरी हुई टंकी को 17 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी प्रारंभ में पूरी खाली है और दोनों नल एक साथ खोले जाते हैं, तो टंकी का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
- ✗ 1. 255
- ✗ 2. 340
- ✓ 3. 85
- ✗ 4. 170

**Q.12** एक दुकानदार ने ₹728 प्रति दर्जन की दर से 59 दर्जन वस्तुएं खरीदी। उसने उनमें से प्रत्येक को ₹91 की दर से बेचा। उसे कितने प्रतिशत लाभ हुआ?

Ans
- ✗ 1. 52%
- ✗ 2. 49%
- ✓ 3. 50%
- ✗ 4. 48%

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.13 | 20 और 40 के बीच सभी अभाज्य संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 25<br>✗ 2. 28<br>✓ 3. 30<br>✗ 4. 20 |

| | |
|---|---|
| Q.14 | नारकोंडम द्वीप (Narcondam Island) कहाँ स्थित है? |
| Ans | ✓ 1. अंडमान सागर<br>✗ 2. मन्नार की खाड़ी<br>✗ 3. अरब सागर<br>✗ 4. लक्षद्वीप |

| | |
|---|---|
| Q.15 | नागरिक अधिकार पत्रकारिता के लिए 2025 पुलित्ज़र पुरस्कारों में विशेष प्रशस्ति पत्र (Special Citation) किसे प्राप्त हुआ? |
| Ans | ✗ 1. इडा बी वेल्स (Ida B Wells)<br>✗ 2. ता-नेहिसी कोट्स (Ta-Nehisi Coates)<br>✓ 3. चक स्टोन (Chuck Stone)<br>✗ 4. निकोल हन्नाह-जोन्स (Nikole Hannah-Jones) |

| | |
|---|---|
| Q.16 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) £ * 6 @ 1 £ 8 6 @ % $ 7 # 1 9 # 6 % * 5 € & (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है? |
| Ans | ✗ 1. 6<br>✓ 2. 5<br>✗ 3. 4<br>✗ 4. 7 |

| | |
|---|---|
| Q.17 | 3 बैग और 6 पेन की कुल कीमत ₹744 है, जबकि 9 बैग और 9 पेन की कुल कीमत ₹1,854 है। 6 बैग की कीमत, 10 पेन की कीमत से कितनी अधिक है? |
| Ans | ✗ 1. ₹565<br>✗ 2. ₹568<br>✗ 3. ₹567<br>✓ 4. ₹564 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | बाजार स्थितियों को प्रतिबिंबित करने के लिए विनिमय दर प्रणाली में सुधार किया गया। 1991 के बाद भारत ने किस प्रकार की विनिमय दर व्यवस्था अपनाई? |
| Ans | ✗ 1. स्वर्ण मानक<br>✗ 2. नियत विनिमय दर<br>✗ 3. अस्थायी विनिमय दर<br>✓ 4. प्रबंधित अस्थायी विनिमय-दर |

| | |
|---|---|
| Q.19 | यदि 4 : 16 :: 7.3 : x और 4 : 32 :: 7 : y है, तो x और y का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 71 : 141<br>✓ 2. 73 : 140<br>✗ 3. 77 : 150<br>✗ 4. 74 : 138 |

Adda247

**Q.20** फ़ाइल सिस्टम के लिए सरल वृक्ष संरचना (simple tree structure) की तुलना में डायरेक्ट्री एसाइक्लिक ग्राफ (DAG) संरचना का उपयोग करने का प्राथमिक लाभ क्या है?

**Ans**
1. DAGs फाइलों को तेजी से पथक्रमण और खोजने की सुविधा प्रदान करते हैं।
2. DAGs डिस्क डिफ्रैग्मेंटेशन को कम करते हैं और भंडारण दक्षता में सुधार करते हैं।
3. DAGs हार्ड लिंक के क्रिएशन को इनेबल करते हैं, जिससे एक ही फाइल में एकाधिक निर्देशिका प्रविष्टियाँ (directory entries) हो सकती हैं। ✔
4. DAGs स्वाभाविक रूप से बेहतर डेटा सुरक्षा और एक्सेस कंट्रोल प्रदान करते हैं।

**Q.21** JR 11 एक निश्चित तरीके से MV 2 से संबंधित है। KL 7, उसी तरीके से NP -2 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, WO 2 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
1. AS -5
2. AT -7
3. ZS -7 ✔
4. ZT -7

**Q.22** पानी की एक टंकी को समान क्षमता के 44 पाइपों का उपयोग करके 38 मिनट में भरा जा सकता है। यदि दी गई समान क्षमता के 37 पाइपों का उपयोग किया जाए, तो पानी की टंकी कितने मिनट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) में भर जाएगी?

**Ans**
1. 43.91
2. 49.75
3. 39.05
4. 45.19 ✔

**Q.23** भारत के विशाल मैदानों का निर्माण मुख्यतः निम्नलिखित में से किस नदी के निक्षेपण के कारण होता है?

**Ans**
1. सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र ✔
2. कृष्णा, गोदावरी और कावेरी
3. नर्मदा, तापी और महानदी
4. यमुना, सतलज और गोमती

**Q.24** हरित क्रांति की तकनीकें अत्यधिक रूप से इनपुट पर आश्रित थीं और पैमाने के प्रति संवेदनशील (scale-sensitive) थीं। छोटे और सीमांत किसानों को हरित क्रांति की तकनीकें अपनाने में चुनौतियों का सामना क्यों करना पड़ा?

**Ans**
1. भूमि की अत्यधिक उपलब्धता के कारण
2. उच्च इनपुट लागत और ऋण की अनुपलब्धता के कारण ✔
3. कृषि मजदूरों की कमी के कारण
4. खाद्यान्न की सीमित मांग के कारण

**Q.25** फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹15,135 है। यदि उनके मूल्य का अनुपात 3 : 5 : 7 है, तो सबसे सस्ती वस्तु का मूल्य (₹ में) कितना है।

**Ans**
1. 7,063
2. 3,027
3. 9,081 ✔
4. 5,045

**Q.26** एक समांतर चतुर्भुज के आधार की लंबाई $(4x^2 - 7xy + y^2)$ m और इसकी ऊंचाई $(x + y)$ m है। जब x = 3 और y = −2 हो, तो समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. $82\ m^2$ ✔
2. $48\ m^2$
3. $69\ m^2$
4. $57\ m^2$

Adda247

**Q.27** NAD+ जैसे एंजाइम सहकारक मुख्य रूप से ____________________ कार्य करते हैं।

**Ans**

✗ 1. एंजाइम के स्थायी संरचनात्मक घटक के रूप में

✓ 2. संक्रमण अवस्था को स्थिर कर सक्रियण ऊर्जा को निम्न करके

✗ 3. एंजाइम की समग्र सांद्रता को बढ़ाकर

✗ 4. स्पर्धी अवरोधकों के लिए बंधन स्थल प्रदान करके

**Q.28** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✗ 1. NR - LP

✗ 2. JN - HL

✗ 3. OS - MQ

✓ 4. LP - JK

**Q.29** यदि मजदूरी का भुगतान प्रतिदिन किया जाता है तो नियोक्ता को कर्मचारी की कटौतियों (deductions) को सहकारी समिति के पास कब तक जमा करना होगा?

**Ans**

✗ 1. अगले कार्य दिवस से पहले

✗ 2. चौबीस घंटों के भीतर

✓ 3. कटौती के 7 दिनों के भीतर

✗ 4. साप्ताहिक अवकाश से पहले

**Q.30** $\sqrt{125 + \sqrt{344 + \sqrt{289}}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 8

✗ 2. 7

✗ 3. 22

✓ 4. 12

**Q.31** यदि आठ अंकीय संख्या 51880p69, 3 से विभाज्य है, तो p का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ 1. 8

✗ 2. 4

✗ 3. 6

✗ 4. 3

**Q.32** $(18 + 10\sqrt{7})$ और $(18 - 4\sqrt{7})$ का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. $\sqrt{44 + 56\sqrt{7}}$

✗ 2. $\sqrt{4 + 56\sqrt{7}}$

✗ 3. $\sqrt{10 + 56\sqrt{7}}$

✓ 4. $\sqrt{44 + 108\sqrt{7}}$

**Q.33** अमरावती स्तूप का निर्माण निम्नलिखित में से किस शासक द्वारा कराया गया था?

**Ans**

✗ 1. शुंग

✗ 2. गुप्त

✓ 3. सातवाहन

✗ 4. मौर्य

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.34** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**FKP DIN BGL ZEJ ?**

**Ans**
- ✗ 1. CHX
- ✓ 2. XCH
- ✗ 3. XHC
- ✗ 4. CXH

**Q.35** निम्नलिखित जनजातीय विद्रोहों में से कौन-सा 1857 के विद्रोह के दौरान नहीं हुआ था?

**Ans**
- ✗ 1. संबलपुर का विद्रोह
- ✓ 2. बिरसा मुंडा विद्रोह
- ✗ 3. नाइकाडा आंदोलन
- ✗ 4. संथाल विद्रोह

**Q.36** यदि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है तो किस ब्याज दर पर ₹8,000 की राशि 1 वर्ष और 6 महीने में ₹15,625 हो जाएगी?

**Ans**
- ✓ 1. 50%
- ✗ 2. 65%
- ✗ 3. 67%
- ✗ 4. 70%

**Q.37** उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**(14, 66, 19)**
**(43, 134, 24)**

**Ans**
- ✗ 1. (37, 81, 4)
- ✗ 2. (10, 35, 8)
- ✗ 3. (45, 97, 4)
- ✓ 4. (6, 42, 15)

**Q.38** $\frac{\sin^2 68° + \sin^2 22°}{2(\cos^2 17° + \cos^2 73°)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. $\frac{1}{2}$
- ✗ 2. $1$
- ✗ 3. $-1$
- ✗ 4. $0$

**Q.39** 100 m लंबी एक ट्रेन 9 km/hr की चाल से (समान दिशा में) चल रहे एक व्यक्ति को 30 सेकंड में पार कर लेती है। यह ट्रेन, 51 km/hr की चाल से विपरीत दिशा में चल रही 220 m लंबी दूसरी ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लेगी?

**Ans**
- ✗ 1. 34
- ✗ 2. 5
- ✓ 3. 16
- ✗ 4. 10

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.40 | वैश्वीकरण से तात्पर्य दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के एकीकरण से है। निम्नलिखित में से कौन-सी 1991 में भारत सरकार द्वारा अपनाई गई प्रमुख वैश्वीकरण रणनीति थी? |
| Ans | ✗ 1. उच्च आयात शुल्क लगाना<br>✗ 2. उच्च निर्यात शुल्क लगाना<br>✗ 3. आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण को बढ़ावा देना<br>✓ 4. व्यापार बाधाओं को कम करना और विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना |

| | |
|---|---|
| Q.41 | कौन भारतीय स्वतंत्रता सेनानी मार्क्सवादी और साम्यवादी विचारधाराओं का खुलकर समर्थन करने वाले पहले व्यक्तियों में से एक थे, और उन्होंने मजदूर आंदोलन और भारतीय साम्यवादी पार्टी के गठन में अग्रणी भूमिका निभाई थी? |
| Ans | ✓ 1. एम एन रॉय<br>✗ 2. चिदम्बरम पिल्लै<br>✗ 3. पुलिन दास<br>✗ 4. पुरुषोत्तमदास |

| | |
|---|---|
| Q.42 | गणेश बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है फिर से दाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। फिर से वह दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
| Ans | ✗ 1. 4 km, पूर्व की ओर<br>✗ 2. 3 km, पूर्व की ओर<br>✗ 3. 3 km, पश्चिम की ओर<br>✓ 4. 4 km, पश्चिम की ओर |

| | |
|---|---|
| Q.43 | भारत के उत्तरी मैदान की पश्चिम से पूर्व तक कुल लंबाई लगभग ______ है। |
| Ans | ✗ 1. 1600 km<br>✗ 2. 3200 km<br>✗ 3. 3500 km<br>✓ 4. 2400 km |

| | |
|---|---|
| Q.44 | एक व्यापारी अपने माल पर लागत मूल्य से 5% अधिक मूल्य अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 67% की छूट प्रदान करता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 66.1% हानि<br>✗ 2. 68.42% हानि<br>✗ 3. 66.14% हानि<br>✓ 4. 65.35% हानि |

| | |
|---|---|
| Q.45 | पावरपॉइंट 2019 में नई स्लाइड इन्सर्ट करने के लिए निम्नलिखित में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है? |
| Ans | ✗ 1. Ctrl + N<br>✗ 2. Ctrl + K<br>✗ 3. Ctrl + D<br>✓ 4. Ctrl + M |

Adda247

| | |
|---|---|
| **Q.46** | **अर्पण बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)** |
| **Ans** | ✗ 1. 2 km, दक्षिण की ओर<br>✓ 2. 4 km, दक्षिण की ओर<br>✗ 3. 3 km, दक्षिण की ओर<br>✗ 4. 1 km, दक्षिण की ओर |

| | |
|---|---|
| **Q.47** | **दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?**<br>**113 137 106 130 99 123 ?** |
| **Ans** | ✗ 1. 96<br>✗ 2. 116<br>✓ 3. 92<br>✗ 4. 110 |

| | |
|---|---|
| **Q.48** | **एक सम सप्तभुज में विकर्णों की संख्या कितनी होती है?** |
| **Ans** | ✓ 1. 14<br>✗ 2. 19<br>✗ 3. 18<br>✗ 4. 15 |

| | |
|---|---|
| **Q.49** | **MS 14 एक निश्चित तरीके से OV 8 से संबंधित है। उसी तरह NN 5, PQ −1 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, SR 6 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?** |
| **Ans** | ✓ 1. UU 0<br>✗ 2. KP 3<br>✗ 3. OI 6<br>✗ 4. OO 4 |

| | |
|---|---|
| **Q.50** | **यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?**<br>**116 ÷ 5 − 423 × 3 + 13 = ?** |
| **Ans** | ✗ 1. 508<br>✓ 2. 708<br>✗ 3. 808<br>✗ 4. 608 |

| | |
|---|---|
| **Q.51** | **भारत का राष्ट्रपति कितनी बार, प्रधानमंत्री से किसी कार्यकारी अनुशंसा पर मंत्रिमंडल द्वारा पुनर्विचार करने के लिए कह सकता है?** |
| **Ans** | ✗ 1. जितनी बार आवश्यकता हो<br>✗ 2. दो बार<br>✓ 3. केवल एक बार<br>✗ 4. यह किसी सीमा के बिना राष्ट्रपति के पूर्ण विवेक पर निर्भर है। |

| | |
|---|---|
| **Q.52** | **आवर्त सारणी में तत्वों के वितरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?** |
| **Ans** | ✓ 1. उपधातुएँ पूरी सारणी में यादृच्छिक रूप से बिखरी होती हैं।<br>✗ 2. अधातुएँ, शीर्ष दाएँ कोने पर होती हैं।<br>✗ 3. धातुएँ, बाईं ओर स्थित होती हैं।<br>✗ 4. धातुओं और अधातुओं को पृथक करने के लिए एक जिग-जैग रेखा होती है। |

Adda247

Q.53 द्विघात समीकरण $7x^2 - 10x + 3 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. $1$ और $-\frac{3}{7}$

✗ 2. $-1$ और $-\frac{3}{7}$

✗ 3. $-1$ और $\frac{3}{7}$

✓ 4. $1$ और $\frac{3}{7}$

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया एमएस वर्ड में सेलेक्ट किए गए टेक्स्ट में बुलेट्स या नंबरिंग (bullets or numbering) लगाने के प्रभाव का सर्वोत्तम वर्णन करती है?

Ans

✓ 1. यह बेहतर संगठन के लिए सेलेक्ट किए गए टेक्स्ट को प्रतीकों या संख्याओं के साथ एक स्ट्रक्चर्ड लिस्ट (structured list) में परिवर्तित करता है।

✗ 2. यह महत्वपूर्ण पैराग्राफ को हाइलाइट करने के लिए बैकग्राउंड कलर का उपयोग करता है।

✗ 3. यह सेलेक्ट किए गए कंटेंट को व्यू (view) होने से बचाने के लिए उसे हाइड (hide) कर देता है।

✗ 4. यह स्वचालित रूप से डॉक्यूमेंट को कई खंडों में स्प्लिट (split) कर देता है।

Q.55 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ घर, छोटे हैं।
कुछ छोटे, कांटे हैं।
सभी कांटे, चाकू हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ छोटे, घर हैं।
(II) कुछ कांटे, छोटे हैं।

Ans

✓ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✓ 1. TC – AY

✗ 2. BK – IF

✗ 3. PY – WT

✗ 4. HQ – OL

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सा घटक, सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) का हिस्सा नहीं है?

Ans

✗ 1. रजिस्टर्स (Registers)

✗ 2. अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट (ALU)

✓ 3. ग्राफिक कार्ड (Graphic Card)

✗ 4. कंट्रोल यूनिट (CU)

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.58 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M ÷ N + O – P × Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. पत्नी का पिता
✘ 2. पिता
✘ 3. पत्नी का भाई
✘ 4. भाई

Q.59 यदि किसी डेटा का बहुलक उसके माध्य से 20.1 अधिक है, तो बहुलक, माध्यिका से _____ अधिक होगा। (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए)

Ans
✘ 1. 4.4
✘ 2. 3.9
✘ 3. 18.6
✔ 4. 13.4

Q.60 अप्रैल 2025 में, किस देश के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर रिकॉर्ड $99.2 बिलियन हो गया?

Ans
✘ 1. अमेरिका
✘ 2. जर्मनी
✔ 3. चीन
✘ 4. ब्रिटेन

Q.61 भारतीय संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में पंचायतों के लिए कितने कार्यात्मक मद (functional items) सूचीबद्ध हैं?

Ans
✘ 1. 21
✔ 2. 29
✘ 3. 11
✘ 4. 36

Q.62 लाल, हरे और गुलाबी टोकनों वाले एक बैग में, लाल टोकनों और हरे टोकनों का अनुपात 7 : 4 है, जबकि गुलाबी टोकनों और लाल टोकनों का अनुपात 20 : 11 है। हरे टोकनों और गुलाबी टोकनों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 9 : 38
✘ 2. 12 : 41
✘ 3. 12 : 37
✔ 4. 11 : 35

Q.63 जनवरी 2025 में, लीबिया लोबो सरदेसाई को उनके ऐतिहासिक योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया। भारतीय इतिहास में उनकी क्या भूमिका थी?

Ans
✘ 1. वे आपातकाल विरोधी आंदोलन की नेत्री थीं
✔ 2. वे गोवा मुक्ति संग्राम की कार्यकर्ता थीं
✘ 3. वे भारत की स्वतंत्रा के बाद की एक रक्षा शोधकर्ता थीं
✘ 4. वे भूदान भूमि सुधार आंदोलन की नेत्री थीं

Q.64 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FIRE' को '5371' के रूप में और 'ACID' को '8247' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 3
✘ 2. 2
✘ 3. 4
✔ 4. 7

| | |
|---|---|
| Q.65 | P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। U की परीक्षा मंगलवार को होती है। P और U के बीच केवल दो लोगों की परीक्षा होती है। V की परीक्षा R से ठीक पहले होती है लेकिन शनिवार को नहीं। T की परीक्षा P के बाद लेकिन Q से पहले होती है। S और Q के बीच कितने लोगों की परीक्षा होती है? |
| Ans | ✗ 1. दो<br>✗ 2. तीन<br>✗ 3. चार<br>✓ 4. पांच |

| | |
|---|---|
| Q.66 | आधुनिक मदरबोर्ड में, उच्च स्पीड संचार की सुविधा के लिए निम्न में से कौन-सा घटक सीधे CPU से जुड़ा होता है? |
| Ans | ✗ 1. PCB<br>✗ 2. GPU<br>✗ 3. ROM<br>✓ 4. नॉर्थब्रिज (Northbridge) |

| | |
|---|---|
| Q.67 | वह सबसे बड़ी संख्या जिससे 152 और 181 को विभाजित करने पर शेषफल क्रमशः 2 और 6 बचता है, वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 33<br>✗ 2. 34<br>✓ 3. 25<br>✗ 4. 35 |

| | |
|---|---|
| Q.68 | A, B, C, D, G, H और I एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H और A के बीच केवल B बैठा है। A, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। G, D के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। C, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। I के बाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
| Ans | ✗ 1. C<br>✓ 2. H<br>✗ 3. G<br>✗ 4. A |

| | |
|---|---|
| Q.69 | मिनिकॉय और मालदीव के बीच के चैनल को क्या कहा जाता है? |
| Ans | ✗ 1. विषुवतीय चैनल (Equatorial Channel)<br>✗ 2. नौ डिग्री चैनल (Nine Degree Channel)<br>✗ 3. दस डिग्री चैनल (Ten Degree Channel)<br>✓ 4. आठ डिग्री चैनल (Eight Degree Channel) |

| | |
|---|---|
| Q.70 | निम्नलिखित में से कौन-सी, सबसे बड़ी प्रायद्वीपीय नदी है? |
| Ans | ✗ 1. महानदी<br>✗ 2. कावेरी<br>✓ 3. गोदावरी<br>✗ 4. नर्मदा |

| | |
|---|---|
| Q.71 | निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?<br><br>72, 47, 98, 52, 20, 86, 85, 69, 59, 81, 53 |
| Ans | ✗ 1. 69.5<br>✗ 2. 68.5<br>✓ 3. 69<br>✗ 4. 70 |

Adda247

Q.72 एक आयत की छोटी भुजा, लंबी भुजा से 24 cm कम है। इसके क्षेत्रफल का संख्यात्मक मान इसके परिमाप के संख्यात्मक मान के 8 गुने के बराबर है। इसकी लंबी भुजा की लंबाई (cm में) कितनी है?

Ans
1. 52
2. 57
3. 54
4. 48

Q.73 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार को शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। U की परीक्षा बुधवार को होती है। Q और V के बीच ठीक 4 लोगों की परीक्षा होती है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा सोमवार को नहीं होती है। P की परीक्षा S से ठीक पहले होती है, और R की परीक्षा S के ठीक बाद होती है। T की परीक्षा Q से ठीक पहले होती है। Q से पहले कितने लोगों की परीक्षा होती है?

Ans
1. 3
2. 1
3. 4
4. 2

Q.74 यदि संख्या 7153246 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के सभी विषम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 24
2. 21
3. 19
4. 28

Q.75 कन्नौज के लिए त्रिपक्षीय संघर्ष निम्नलिखित में से किनके बीच हुआ था?

Ans
1. चोल, पांड्य और चेर
2. गुप्त, हूण और पाल
3. चालुक्य, पाल और राष्ट्रकूट
4. पाल, गुर्जर-प्रतिहार और राष्ट्रकूट

Q.76 भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम, वर्ष ______ में पारित किया गया था।

Ans
1. 1909
2. 1857
3. 1872
4. 1861

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

OQJ MOH KMF IKD ?

Ans
1. GIB
2. GIC
3. GJB
4. GJC

Q.78 यदि संख्या 6318574 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. दो
2. तीन
3. एक
4. चार

Adda247

**Q.79** उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**QV-SX-UW**
**NS-PU-RT**

**Ans**
1. LP-MR-OS
2. LP-NR-OS
3. KP-MR-OS
4. KP-MR-OQ ✔

**Q.80** अप्रैल 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ सूचीबद्ध हैं?

**Ans**
1. 22 ✔
2. 14
3. 20
4. 18

**Q.81** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। V की परीक्षा गुरुवार को है। S और U के बीच केवल 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। R की परीक्षा P से ठीक पहले है। T की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। S की परीक्षा P के बाद नहीं है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा मंगलवार को है?

**Ans**
1. U
2. T
3. R ✔
4. S

**Q.82** निम्नलिखित में से कौन-सा, चतुर्भुज का एक प्रकार नहीं है?

**Ans**
1. पतंग
2. समचतुर्भुज
3. समलंबाभ
4. अष्टभुज ✔

**Q.83** यदि x का 4%, 24 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 1300
2. 700
3. 600 ✔
4. 1200

**Q.84** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?

**# : USO :: LJF : %**

**Ans**
1. # = XVR, % = IGC ✔
2. # = IOR, % = IZC
3. # = ZOR, % = IQV
4. # = XVI, % = IZC

Adda247

Q.85 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 823 664 309 431 175 (दाएं)

(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक और सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 14
2. 13
3. 16
4. 11

Q.86 महेश को पहले वर्ष में अपनी बिक्री राशि में 2% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि प्राप्त होती है, और इसके साथ उसकी वर्तमान बिक्री ₹1,90,400 है। दो वर्ष पहले उसकी बिक्री (₹ में) क्या थी? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
1. 1,58,666.67
2. 1,55,555.56
3. 1,35,555.56
4. 1,86,666.67

Q.87 स्थिर जल में नाव की चाल 7 km/hr है और धारा की चाल 5 km/hr है। एक व्यक्ति 52.8 km की दूरी पर स्थित एक स्थान तक नाव चलाता है और प्रारंभिक बिंदु पर वापस आता है। उसके द्वारा लिया गया कुल समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 29.9
2. 30.8
3. 40.6
4. 23.6

Q.88 22 - [22 - {22 - (22 - 22 × 4)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 92
2. 111
3. 101
4. 88

Q.89 निम्नलिखित में से किसने इंडियन ओपन 2025 प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (PSA) कॉपर इवेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता?

Ans
1. सौरव घोषाल
2. करीम एल टॉर्की
3. मरवान एल शोरबागी
4. अभय सिंह

Q.90 मार्च 2025 में, भारत की संसद ने बिल्स ऑफ लैडिंग विधेयक, 2025 पारित किया। इस कानून का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?

Ans
1. प्रमुख बंदरगाहों का निजीकरण करना
2. 169 वर्ष पुराने शिपिंग कानून का आधुनिकीकरण करना
3. अंतर्देशीय जल परिवहन को विनियमित करना
4. नई समुद्रवर्ती सीमाएँ स्थापित करना

Q.91 वित्त मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की कितनी प्रतिशत आबादी ने आयकर रिटर्न फाइल किया?

Ans
1. 6.68%
2. 66.8%
3. 16.68%
4. 36.68%

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.92** एक लैपटॉप का अंकित मूल्य ₹750 है। इसे 4% और 25% की दो क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। नकद भुगतान पर 25% की अतिरिक्त छूट दी जाती है। नकद भुगतान पर लैपटॉप का विक्रय मूल्य (₹ में) कितना होगा?

Ans
1. 407 ✗
2. 406 ✗
3. 405 ✓
4. 402 ✗

**Q.93** एक निश्चित कूट भाषा में, 'sit back relax' को 'ha mi pu' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'relax and enjoy' को 'pu co lz' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'relax' को किस रूप में कूटबद्ध किया गया है?

Ans
1. co ✗
2. ha ✗
3. mi ✗
4. pu ✓

**Q.94** IMF की जनवरी 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के लिए अनुमानित वैश्विक हेडलाइन मुद्रास्फीति दर क्या है?

Ans
1. 5.0% ✗
2. 6.0% ✗
3. 6.5% ✗
4. 4.2% ✓

**Q.95** ₹15 प्रति $m^3$ की दर से 6 m लंबा, 64 m चौड़ा और 10 m गहरा एक घनाभाकार गड्ढा खोदने की लागत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 57,598 ✗
2. 57,600 ✓
3. 57,602 ✗
4. 57,591 ✗

**Q.96** एक निश्चित कूट भाषा में, 'WILD' को '5391' के रूप में और 'DOGS' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 1 ✗
2. 5 ✓
3. 2 ✗
4. 4 ✗

**Q.97** 2025 की रक्षा प्रदर्शनी के दौरान, गैलियम नाइट्राइड (GaN) अर्धचालक विलयन को रक्षा प्रौद्योगिकी के किस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में उजागर किया गया?

Ans
1. युद्ध नेविगेशन ✗
2. रडार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली ✓
3. अंतरिक्ष संचार ✗
4. साइबर सुरक्षा अवसंरचना ✗

**Q.98** ऐलिस फीनी की 2025 की मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ब्यूटीफुल अग्ली (Beautiful Ugly)' की सेटिंग (setting) क्या है?

Ans
1. एक दूरस्थ स्कॉटिश द्वीप (A remote Scottish island) ✓
2. डस्ट बाउल के दौरान एक नेब्रास्कन शहर (A Nebraskan town during the Dust Bowl) ✗
3. ईस्ट ग्लैडनेस, कनेक्टिकट (East Gladness, Connecticut) ✗
4. प्राग, चेक गणराज्य (Prague, Czech Republic) ✗

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | यदि संख्या 7452183 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े अंक तथा सबसे छोटे अंक के बीच कितना अंतर होगा? | |
| Ans | ✗ 1. 7<br>✗ 2. 6<br>✓ 3. 8<br>✗ 4. 9 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | उत्तर-पूर्व परिवर्तनकारी औद्योगिकीकरण योजना (UNNATI), जैसा कि राज्यसभा अतारांकित प्रश्न (20 दिसंबर 2024 को उत्तर दिया गया) में हाइलाइट किया गया है, के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?<br>UNNATI योजना के लिए कुल बजट परिव्यय ₹10,037 करोड़ है, जिसमें से 60% परिव्यय पूर्वोत्तर क्षेत्र को आवंटित किया गया है।<br>जोन A के जिलों में पूंजी निवेश प्रोत्साहन, जोन B के जिलों की तुलना में अधिक है।<br>UNNATI योजना 10 वर्षों के लिए प्रभावी है, जिसमें प्रतिबद्ध दायित्वों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 8 वर्ष का समय शामिल है।<br>UNNATI योजना एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका क्रियान्वयन पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के अंतर्गत किया जाता है। | |
| Ans | ✗ 1. केवल 1<br>✓ 2. केवल 1 और 3<br>✗ 3. 1, 2, 3 और 4<br>✗ 4. केवल 2 और 3 | |

Adda247